संख्या-300/2023/।/396702/2023/23-11099(099)/124/2023

प्रेषक,

राज कुमार,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 27/09/2023**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रवेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/ सुदृढीकरण/सौन्दर्यीकरण योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-5934/CE-HQ1/PRYTN/AZM/2023-24, दिनांक 08.09.2023, पत्र संख्या-5935/CE-HQ1/PRYTN/LKO/2023-24, दिनांक 08.09.2023, पत्र संख्या-6015/CE-HQ1/ PRYTN/MBD/2023-24, दिनांक 18.09.2023, पत्र संख्या-6227/CE-HQ1/PRYTN/ GKP/ 2023-24, दिनांक 22.09.2023 एवं पत्र संख्या-6255/CE-HQ1/PRYTN/AZM/ 2023-24, दिनांक 25.09.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा मार्गो पर प्रदेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/सौन्दर्यीकरण हेतु एकमुश्त व्यवस्था योजनान्तर्गत अधोलिखित विवरण के अनुसार 07 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रू0 273.16 लाख (रूपये दो करोड़ तिहत्तर लाख सोलह हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ गठित अनुबन्ध की लागत/ गठित अनुबन्ध के आधार पर बचत/बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त आवंटन
1	2	3	4	5	9
1	बलिया नि0ख0	चितबड़ा नगर पंचायत से फिरोजपुर वार्ड से माधव ब्रहम बाबा स्थान तक सम्पर्क मार्ग एवं पुलिया के निर्माण का कार्य। (ग्रामीण मार्ग लम्बाई 1.70 किमी0)	103.27 103.27 78.55 0.04 123.23	60.00	43.23
2	लखनऊ प्रा0ख0	जनपद लखनऊ में लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग से प्रजापिता ब्रहमकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र मार्ग पर भव्य गेट व सड़क के दोनों तरफ इण्टरलाकिंग नाली एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (लम्बाई 1.500 किमी0)	98.18 98.18 73.12 2.45 95.73	65.00	30.73

3	रामपुर प्रा0ख0	रामपुर-स्वार-बाजपुर मार्ग	114.91 114.91 53.70 5.25 109.66	29.00	80.66
4	रामपुर प्रा0ख0	जनपद रामपुर में स्वार दढियाल काशीपुर मार्ग	114.91 114.91 53.70 5.25 109.66	29.00	80.66
5	महराजगंज नि0ख0	बृजमनगंज सहजनवां बाबू मार्ग से खड़खोड़ा शिव मन्दिर तक मार्ग (ग्रामीण मार्ग) का नवनिर्माण कार्य (लम्बाई 2.30 किमी0)	195.28 195.28 136.62 29.46 165.82	155.00	10.82
6	बलिया नि0ख0	जनपद बलिया में खरहाटार नहर के कोटवा में शिव मंदिर होते हुये हरिजन बस्ती तक सी0सी0मार्ग के निर्माण का कार्य(ग्रामीण मार्ग, लम्बाई 1.00 किमी0)	81.24 81.24 64.24 0.07 81.17	64.99	16.18
7	बलिया नि0ख0	जनपद बलिया में करनई नई बस्ती (शिव मंदिर) सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य (ग्रामीण मार्ग, लम्बाई 1.00 किमी0)	54.96 54.96 42.16 0.11 54.85	43.97	10.88
योग:-					273.16

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के संपरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के संबंध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13.04.2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक 19.09.2023 में निहित निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 2,73,16,000.00 (रूपये दो करोड़ तिहत्तर लाख सोलह हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 के लेखाशीर्षक-5054043371349 प्रदेश के महत्वपूर्ण मार्गो/सेतुओं तथा

मार्गो पर प्रदेश द्वार की स्थापना एवं अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य तथा धार्मिक स्थलों को मुख्य मार्गो से जोड़ने हेतु मार्गो के निर्माण, चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/ सौन्दर्यीकरण का कार्य मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-10/2023/बी-1-602/दस-2023-231/2023, दिनांक 19.09.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
उप सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन|
2- निजी सचिव, मा० राज्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज ।
5- संबंधित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- संबंधित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी ।
10- संबंधित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनु0-8/वित्त आय-व्ययक अनु0-1, उ0प्र0 शासन|
12- राज्य योजना आयोग- 1/2, उ0प्र0 शासन ।
13- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन ।
15- नोडल अधिकारी (ऑन लाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन|
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
उप सचिव।